सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 250 | इंदौर, गुरुवार 21 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. USA: अरुणाचल प्रदेश पर अमेरिका ने चीन का दावा किया खारिज; पत्रूं मामले को बताया बेहद गंभीर
2. जहर का कारोबार: रेव पार्टी का आयोजन करने में एल्विश के काम आता था विनय, संपेरों की टोली लेकर पहुंचता राहुल

### तेजी से स्मार्ट सिटी बनते शहर में ...

# आखिर कब तक अनदेखी..?

## हादसे रोकने जिम्मेदार तो सक्रिय, लेकिन फिर भी कहां हो रही लापरवाही

@ DGR विशेष

इंदौर। तेजी से महानगर और स्मार्ट सिटी का रूप लेते मप्र के इंदौर में अनदेखी या यूं कहें कि ये कैसी लापरवाही है कि कई मामलों में जिम्मेदार तो सक्रिय हैं, लेकिन इसके बाद भी हादसे हो जाते हैं। कई बार देखा जाता है कि सरकारी अधिकारी नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती करते हैं और हादसे में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाईकरते हैं तो उसका गलत अर्थ निकाल लिया जाता है और दबाव-प्रभाव के चलते कार्रवाई को ठंडे बस्ते में पहुंचा दिया जाता है, लेकिन इसमें न जाने कितने लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है और कभी-कभी तो जान तक चली जाती है।



हादसों के बाद जिम्मेदार अधिकारी भविष्य में इस तरह के हादसों की पुरावृत्ति न हो इसे लेकर अलर्ट जारी करते हुए जांच का अभियान चलाते। ऐसा केवल एक बार नहीं, बल्कि कई बार देखने में आया है। खासकर सडक़ हादसों में तो यह हर बार की बात हो गई है कि प्रदेश में कहीं पर भी कोई बड़ा सडक़ हादसा होता और अनेक निर्दोष लोग मौत का शिकार हो जाते हैं, तब धड़ाधड़ यात्री व अन्य वाहनों की जांच का अभियान चलाया जाता है। बस संचालकों, चालकों और परिचालकों को समझाइश दी जाती है, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से थोड़े से लालच के चलते सडक़ हादसों में निर्दोष लोगों की जान से खिलवाड़ शुरू कर दिया जाता है।

कुछ ऐसा इन दिनों आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए चल रहा है। दरअसल शहर में कई ऐसी ऊंची इमारतें हैं, जो व्यवसायकि के साथ रहवासी भी हैं। इनमें कुछ इमारतों में प्रत्येक बिल्डिंग पर एक-एक तो कुछ में अग्निशमन यंत्र नहीं है। निगम और जिला प्रशासन के द्वारा कई नियम आग लगने से होने वाले हादसे रोकने के लिए नियम तय किए जाते हैं, इनका पालन भी सख्ती से कराया जाता है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी-बड़ी इमारतें बना देने वालों के द्वारा इन नियम कायदों की अनदेखी से हादसे होते हैं। वहीं हादसे के बाद सुस्त पड़े जिम्मेदार लोग जाग्रत होकर आदेश जारी कर कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। इंडस्ट्री हाउस में पिछले दिपनों आग ने भयावह रुप धारण कर लिया, जिससे लोग जान बचाकर भागे।

यह केवल एक घटना नहीं महानगर की ओर कदम बढ़ा रहे शहर में हर वर्ष आगजनी की घटनाएं होती है। इन घटनाओं के बाद आग पर नियंत्रण करने दमकलें आती है। आग की अनेक घटना में अग्निशमन यंत्र का उपयोग नहीं होता है।

### न जांच, न खुद बदलते हैं

अग्निशमन यंत्र बिल्डिंगों में दिखावा मात्र बनकर रह गए हैं। कुछ बिल्डिंगों में यंत्र के उपयोग करने की समयसीमा तक खत्म हो चुकी है। समयसीमा को लेकर बिल्डिंग संचालक गंभीर नहीं है। संचालक केवल एनओसी लेकर जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। वहीं इनकी जांच भी नहीं की जाती है।

### यह रहता है मानक

- बिल्डिंगों में रहवासी, व्यावसायिक प्रतिष्ठान के मान से छोटे बड़े यंत्र हर फ्लोर पर होना चाहिए।
- यंत्र के संचालन के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति की नियुक्ति होना चाहिए।
- यंत्र की अवसान तिथि का ध्यान रखना चाहिए।
- यंत्र की नली में टूटफूट या लीकेज की जांच होना चाहिए।
- हर साल प्रशासन के अमले को जांच करना चाहिए।
- जिस कायाज्र्लय के बाहर यंत्र लगा है, उसके मालिक को प्रशिक्षित होना चाहिए।

### अब तक यह होता रहा

- पुरानी बिल्डिंगों को छोड़ दिया जाए तो कमोबेश हर नई ऊंची इमारतों में यंत्र लगे हुए हैं।
- आग लगने पर रहवासी, दुकानदार और व्यापारी जान बचाने भाग निकलता है।
- यंत्र से बड़ी आग पर काबू नहीं पाया जा सकता।
- बड़ी आग बुझाने में दमकलें भी उपयोगी होती है।

### अनेक ऊंची इमारतें

फडनीस काम्प्लेक्स, सिटी सेंटर, सिटी प्लाजा, झाबुआ टॉवर, सपना संगीता रोड, उषा नगर, द्वारकापुरी, विजयनगर क्षेत्र में कई ऊंची इमारतें हैं। जहां सैकड़ों दुकानें-आफिस संचालित होते हैं। कुछ बिल्डिंगों में अग्निशमन यंत्र नहीं है और जहां पर वहां पर कभी-कभार ही हादसा होने पर कार्रवाई से बचने के लिए संचालक इन यंत्रों की ओर ध्यान देते हैं। वहीं इन बिल्डिंगों से निगम टैक्स वसूलता है, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे बैठा रहता है। यही कारण है कि यंत्र लगाने वाले इसके प्रति गंभीर नहीं है।

### नई हाइड्रोलिक मशीन खरीदेंगे

पुलिस अधीक्षक फायर ब्रिगेड शशिकांत कनकने ने बताया कि हाइराइज बिल्डिंगों में लगने वाली आग बुझाने के लिए शीघ्र ही नई हाईड्रोलिक मशीन खरीदी जाएगी। इसके टैंडर हो चुके हैं। फायर ब्रिगेड का काम आग बुझाना है, यंत्र का रखरखाव बिल्डिंग मालिक और निगम के जिम्मे है।

# गर्मी आते ही शहर में शुरू हुआ पानी के टैंकरों का दौर

## पिछली गर्मी में 400 टैंकर निगम ने चलाए थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी अभी शुरू ही हुई है और नगर निगम अफसरों के दावे पानी मांगने लगे हैं। शहर में कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बन रही है और पानी सप्लाय के लिए नगर निगम में ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या भी बढऩे लगी है। पहले जहां निगम और ठेके के मिलाकर छोटे-बड़े 130 टैंकर चलते थे, वहीं अब इनकी संख्या 200 के आसपास पहुंच गई है।**



शहर में नर्मदा के तीन तरण आ गया है। अब चौथा चरण का पानी लाने के लिए पिछले दिनों हुई मेयर-इन- कौंसिल की बैठक में संकल्प पारित हो गया है। नर्मदा का तीसरा चरण आने के बाद निगम जलप्रदाय विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि शहर में न तो पानी की कमी होगी और न ही ठेके पर टैंकर चलाने की जरूरत पड़ेगी। यह दावा फेल हो गया। हर वर्ष गर्मी में ठेके पर टैंकर लगाकर जलापूर्ति करना पड़ती है।

बदलते मौसम के चलते धीरे-धीरे गर्मी बढऩे लगी है। इसके साथ ही निगम ने शहर में ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या बढ़ाना शुरू कर दिया गया है। पिछले महीने जहां निगम के 80 और ठेके के 50 मिलाकर 130 टैंकर चल रहे थे, वहीं अब ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या 70 और बढ़ गई है। इस तरह निगम और ठेके के मिलाकर टैंकरों की संख्या 200 के आसपास पहुंच गई हैं, जबकि गर्मी के तीखे तेवर दिखाना टैंकर लेकर पिछले अभी न टेंकर है? का रेट पर वार्षिक के लेकरबाकी है।

इधर, ठेके पर चलने वाले टैंकरों की संख्या अभी से बढऩे के सवाल पर वर्कशॉप विभाग के अफसरों का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ती की समस्या है। इसके लिए प्रायवेट टैंकर चल रहे हैं। टैंकर लगाने को नए रेट तय करने को लेकर दिनों टेंडर जारी होने और आने के बावजूद ठेके पर किस हिसाब से चलाए जा रहे वर्कशॉप विभाग के अफसरों कहना है कि टैंकरों को पुराने लगाया जा रहा। नई दर के लिए जारी टैंकर टेंडर लोकसभा चुनाव को लगी आचार संहिता खत्म होने के बाद खुलेंगे। इसमें समय लगेगा। ऐसे में गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत न झेलना पड़े। इसके लिए पुराने रेट पर ही टैंकर चलाए जा रहे हैं।

मालूम हो कि शहर में पानी की किल्लत दूर करने के लिए निगम टैंकर तो दौड़ाता है मगर लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत वहा पर होती है जहा पर नर्मदा नहीं और लोग बोरवेल के भरोसे रहते हैं। इतना ही नहीं कई वार्डो में पार्षदों का टैंकर पर कब्जा हो जाता है. जिनके हिसाब से पानी बंटता और आम जनता पानी मिलने का इंतजार ही करते रह जाते हैं। ऐसे में निगम की टंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था पर सवालिया निशान और जिम्मेदार अफसरों की कार्यशैली पर अंगुली उठती रहती है किंतु व्यवस्था नहीं सुधरती है। निगम ने पिछली गर्मी में 400 टेंकर ठेके पर लगाए थे। अभी गर्मी पूरी तरह शुरू नहीं हुई और टैंकरों की संख्या 200 के आसपास पहुंच गई हैं।

## समन्वयकर्ता अधिकारियों की नियुक्ति हेतु संशोधित आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल/सहायक नोडल/समन्वयकर्ता अधिकारी की नियुक्ति की है। संशोधित आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा को सामग्री प्रबंधन के दायित्व हेतु समन्वयकर्ता अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त मनोज पाठक को परिवहन प्रबंधन कार्यों के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी को बैलेट/ईडीसी/ईटीपी बीएस से मतदान एवं पश्चातवर्ती कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में क्रमशः राजस्व निरीक्षक अखिलेश सरमंडल एवं मनीष भार्गव को नियुक्त किया है। इलेक्टारोल प्रबंधन के दायित्वों के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर को प्रेक्षक प्रबंध के लिए सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। उक्त आदेश के अलावा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री रवि शर्मा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया हैं। उन्हें सहायक नोडल अधिकारी के दायित्व से मुक्त किया गया हैं।

# देश के 6 प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज ने लिया स्कूल एजुकेटर्स समिट एंड अवॉर्ड्स में हिस्सा

## संस्था आईएजुकेशनलाइज की ओर से शहर में आयोजित हुई नेशनल कांफ्रेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आईएजुकेशनलाइज द्वारा नेशनल कांफ्रेंस ह्यस्कूल एजुकेटर्स समिट एंड अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूल्ज और कॉलेजेस के प्रतिनिधित्व ने कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए देश में मौजूदा शिक्षा के स्तर, प्रयोग, नई उपलब्धियां, अवसर और चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सेंट मैरी चैंपियन एच.एस स्कूल की फाउंडर प्रिंसिपल और इंदौर सहोदय स्कूल्ज काम्प्लेक्स की चेयरपर्सन इसाबेल स्वामी ने शिरकत की।**

साथ ही देश की 6 प्रसिद्ध यूनिवर्सिटीज जैसे आंध्रा प्रदेश से गीतम यूनिवर्सिटी के सीनियर डायरेक्टर एडमिशंस निधीश सक्सेना, हैदराबाद की इक्फाई बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर प्रो वेणु गोपाल राव, बंगलोर से अलायन्स यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर और अध्यक्ष-आंतरिक अनुपालन समिति डॉ कविता आर गौड़ा, मोदी यूनिवर्सिटी से अध्यक्ष/कुलाधिपति के प्रोफेसर और कार्यकारी सहायक प्रो (डॉ) नरदीप कुमार माहेश्वरी, औरो यूनिवर्सिटी से डायरेक्टर एडमिशन एंड मार्केटिंग डॉ मेघना डांगी और महाराष्ट्र से पिम्परी चिंचवड़ यूनिवर्सिटी से हेड एडमिशन और शिक्षा रणनीतिकार रोहन मुले ने शिरकत कर भारतीय शिक्षा प्रणाली पर सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की आयोजक आईएजुकेशनलाइज की फाउंडर और डायरेक्टर शिखा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य चर्चा बिंदु ह्यमुख्यत उन्नत सहयोग, कौशल विकास, उद्योग प्रासंगिक शिक्षा, नेटवर्किंग का अवसर, संकाय विकास कार्यक्रम, अनुसंधान और विकास और वैश्विक एक्सपोजर जैसे विषय थे।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए घूमेगा रथ

## कलेक्टर आशीष सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रथों को किया रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये व्यापक तैयारियां चल रही हैं। जिले में मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने हेतु स्वीप अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां चल रही हैं। इसी के तहत आज कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर आशीष सिंह ने झण्डी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत क मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

यह रथ इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगा और मतदान तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये नागरिकों को प्रेरित करेगा। इस रथ में एलईडी भी लगी हुई है। इसके माध्यम से मतदाताओं को दृश्य एवं श्रृव्य द्वारा मतदान के प्रति जागरूक बनाया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने बताया कि जिले में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिये विभिन्न स्तर पर ब्रांड एंबेसेडर भी बनाये गये हैं। कॉलेजों में भी ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किये गये हैं। यह एंबेसेडर युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित कर रहे हैं।

## मतपत्र/डाक मतपत्र/मुद्रण प्रबंधन कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए मतपत्र/डाक मतपत्र/मुद्रण प्रबंधन का कार्य संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा श्रीमती नीलम निनामा को सौंपा है। पूर्व में इस दायित्व से संलग्न जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर माह मार्च एवं अप्रैल 2024 में बजट क्लोजिंग एवं अकाउंट से संबंधित अतिरिक्त कार्य होने से इस कार्य से मुक्त किया गया है।

→.... इंदौर में 30 मार्च को रंग पंचमी पर निकलेगी रंगारंग गेर

# गेर में हथियार लेकर चलने वालों पर होगी रासुका की कार्यवाही

→आदर्श आचार संहिता का कराया जाएगा पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में आगामी 30 मार्च को रंग पंचमी का पर्व परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दिन शहर के निर्धारित मार्गों से रंगारंग गेर भी निकाली जायेगी। पूरा शहर रंगों से सराबोर रहेगा। गेर में हुडदंग करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। गेर में हथियार के साथ पकड़े जाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध रासुका की कार्यवाही होगी। गेर में आदर्श आचार संहिता का पालन भी करना होगा। इसके तहत किसी भी राजनैतिक दलों के चिन्ह, बैनर, पोस्टर आदि का प्रदर्शन नही किया जा सकेगा।**



यह जानकारी आज यहां कलेक्टर कार्यालय में गेर की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों के साथ जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सम्पन्न हुई संयुक्त बैठक में दी गई। बैठक में पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि गेर आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। गेर शहर में परम्परागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकाली जायेगी। बैठक में सभी आयोजकों की सहमति से गेर के क्रम में संशोधन किया गया है। अब सबसे पहले राधा-कृष्ण फाग यात्रा निकलेगी। यह यात्रा सुबह ठीक 10 बजे निकलना प्रारंभ हो जायेगी। इसके बाद क्रमशः टोरी कार्नर, मारल क्लब, रसिया कार्नर, संगम कार्नर और जूनी इंदौर क्षेत्र से माधव फाग यात्रा निकलेगी। आयोजकों ने गेर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों से कहा कि वे अपनी-अपनी गेर निर्धारित समय के साथ तय क्रम से ही निकाले। समय एवं अनुशासन का विशेष रूप से पालन करें। वे यह तय करें कि किसी भी तरह की हुडदंग नहीं हो। पूर्ण शालिनता बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गेर में समन्वय और अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारी प्रभारी के रूप मे साथ रहेगें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने अनुविभाग में कानून व्यवस्था कि स्थिति के लिए पुलिस अधिकारियों से आवश्यक समन्वय एवं संवाद में रहेंगे। संबंधित विभागों नगर निगम, स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करवायेगें। पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता ने कहा कि गेर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। सीसीटीवी और वीडियों कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे गेर मार्ग को सेक्टर के रूप में विभाजित कर सुरक्षा प्रबंध किये जायेंगे। सेक्टर वाईज कंट्रोल रूम भी बनाया जायेगा। उन्होंने सुरक्षा प्रबंध के लिए पूरे मार्ग पर 2 डीसीपी को नोडल बनाया है। उन्होंने आग्रह किया कि गेर में गडबड़ी करने वाले तत्वों और हथियार रखने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दी जाये। श्री गुप्ता ने कहा कि मदिरा पीकर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भण्डारण पर हो कार्रवाई

सभी बॉर, रेस्टोरेंट, पब निर्धारित समय पर बंद कराए जाए : कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन को लेकर विभिन्न तैयारियां जारी है। जिले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से मतदान सम्पन्न कराने के लिये विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है। जिले में यह सुनिश्चित किया जा रहा है के मतदान पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण रूप से हो। मतदाता बगेर लोभ एवं भय के मतदान कर सके इसके लिये विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है। इसको लेकर आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने इन्फोर्समेंट एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने इन्फोर्समेंट एजेन्सियों द्वारा की जा रही कार्वाईयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी एजेंसियां अपने उत्तर दायित्वों का पूर्ण इमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने इंदौर में जप्त की जा रही मदिरा और अन्य संदिग्ध सामग्रियों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि सभी एजेंसियां सतत निगरानी रखें। अपने-अपने क्षेत्रों का सघन भ्रमण करते रहे। एयरपोर्ट पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। बैंकों में दस लाख रुपए से अधिक के लेन-देन पर भी नजर रखने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि मदिरा का अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भण्डारण नहीं हो इसके लिये पुख्ता व्यवस्था की जाये। सभी बॉर, रेस्टोरेंट, पब आदि निर्धारित समय पर बंद हो यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक में आबकारी, परिवहन, वाणिज्यिक कर, आयकर, नारकोटिक्स, बैंक, रेल्वे आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि निगरानी के लिये एफएसटी, और एसएसटी टीमों का गठन कर लिया गया है। इनके द्वारा निगरानी प्रारंभ कर दी गई है। जिले की प्रवेश सीमा पर चौकियां भी स्थापित की गई है।

## सीपीआर से बचाई जा सकती है जान, यह जागरूकता जरूरी

गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉक्टर एचपी यादव ने नेहरू स्टेडियम में दिया लाइव डेमो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बदली हुई जीवन शैली के कारण हृदय के रोग की समस्याएं तेजी से बढ़ गई हैं। न केवल उम्रदराज लोगों में बल्कि युवाओं में भी हार्ट अटैक की समस्या देखने को मिल रही है। हर वर्ष लगभग 12 लाख लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवाते हैं। जिस समय किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट आता है उसे समय उसे व्यक्ति की जान सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन) देकर बचाई जा सकती है। चिंता का विषय है कि बहुत कम लोगों को इसके बारे में जानकारी होती है। सीपीआर के संबंध में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इसका प्रशिक्षण देने के लिए मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉक्टर एचपी यादव ने कल इंदौर के नेहरू स्टेडियम में लाइव डेमो दिया और सीपीआर से जुड़ी जानकारी से लोगों को अवगत कराया।

इस सेशन में डमी बॉडी पर सीपीआर देकर दिखाया गया और इससे जुड़ी सभी भ्रांतियों पर लोगों से बात की। उन्होंने दिखाया कि सीपीआर के लिए सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठ जाता है। उसकी नाक और गला चेक कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उसे सांस के रास्ते में कोई रुकावट तो नहीं है। इसके बाद अपने दोनों हाथों की मदद से विशेष तरीके से एक मिनट में 100 से 120 बार छाती के बीच में तेजी से दबाना होता है। हर एक पुश के बाद छाती को वापस अपनी सामान्य स्थिति में आने देना चाहिए। इससे शरीर में पहले से मौजूद रक्त को हृदय पंप करने लगता है। 30 बार पुश करने के बाद मुंह पर साफ रुमाल रखकर दो बार सांसें दी जाती हैं। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह शुरू होता है और मस्तिष्क को ऑक्सीजन मिलने लगती है।

## होली उत्सव 25 को बद्री भोला धर्मशाला पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। फूलमाली सैनी समाज छावनी की साधारण सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार इस बार सभी समाजबंधु छावनी स्थित बद्रीनारायण भोलाराम की धर्मशाला पर 25 मार्च को सुबह 10 बजे एकत्र होकर सबसे पहले उन समाज बंधुओं पर रंग डालकर शोक निवारण करेंगे, जिनके परिवार में गमी हुई है। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी, मंत्री मनोहर सैनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा बैठक में 11 अप्रैल को गणगौर व्रत उद्यापन का आयोजन न्यू आरटीओ रोड पालदा स्थित मल्हार गार्डन पर करने का निर्णय भी लिया गया। उद्यापनकर्ता को भोजन के 20 पास एवं उपहार बांटने हेतु 16 आयटम भी दी जाएगी। समाज के उपाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, उप मंत्री मोहनलाल इकदईया, कोषाध्यक्ष सतीश सैनी ने सभी समाज बंधुओं से होली एवं गणगौर के कार्यक्रमों में उपस्थित का आग्रह किया है।

## इंदौर में भी पोस्टर वार शुरू हो गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लालू प्रसाद यादव द्वारा दिए गए बयान- 'कहां है मोदी का परिवार' इस पर अब मध्य प्रदेश के इंदौर में भी पोस्टर वार शुरू हो गया है। इंदौर शहर में कांग्रेस ने पोस्टर जारी कर लिखा- इस कार में नहीं है मोदी का हम दो हमारे दो परिवार, जिसमें अंबानी और अडानी की तस्वीर लगाकर अलग-अलग कर पर चिपकाई गई है। इसके साथ ही इस पोस्ट में दूसरी तरफ कांग्रेस ने लिखा है कि इस कार में न्याय के पांच स्तंभ I.N.D.I.A. परिवार।**

देशभर में बीजेपी के बड़े नेताओं ने अपनी प्रोफाइल पर हम हैं मोदी का परिवार लगा दिया है। इसके बाद कई पोस्ट ऐसे वायरल हुए हैं, जिसमें समर्थकों की कार के पीछे लिखा है। इस कार में है मोदी का परिवार पोस्टर वायरल होने के बाद लगातार अब मध्य प्रदेश में भी पोस्टर वॉर होता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि इस पोस्टर के सामने आने के बाद बीजेपी की तरफ से खबर लिखे जाने तक कोई बयान सामने नहीं आया है। वहीं कांग्रेस अब



मोदी परिवार पर सवाल खड़े करती हुई नजर आ रही है। पोस्टर में यह प्रतीत हो रहा है कि अंबानी अडानी की कार में सिर्फ उन्हीं दोनों का परिवार है। न की मोदी परिवार अब ऐसे में लोकसभा चुनाव नजदीक है। इस तरह के पोस्टर सामने लाने के बाद कांग्रेस को किस तरह का फायदा पहुंचता है यह तो इलेक्शन के बाद रिजल्ट ही बताएगा।

## बड़ा गणपति से खाटू श्याम धाम अंबिकापुरी तक निकाली निशान यात्रा

इंदौर। एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर पर फाग महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह बड़ा गणपति से अंबिकापुरी मंदिर तक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय खाटू श्याम अखाड़े के अध्यक्ष गोपालदास महाराज, महामंडलेश्वर राघवेन्द्र दास, महामंडलेश्वर ऋषि दास, महामंडलेश्वर नलिनी दास, महामंडलेश्वर कविता दास सहित अनेक संतों, विद्वानों ने निशानों का पूजन कर यात्रा में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्याम भक्तों ने निशान यात्रा का स्वागत किया।

# कोई भी प्रस्ताव सीधे चुनाव आयोग नहीं जाएंगे

## सीएस की कमेटी को भेजना होंगे प्रस्ताव, परीक्षण के बाद भेजे जाएंगे आयोग को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को कोई भी प्रस्ताव सीधे नहीं भेजे जाएंगे। इसके लिए राज्य शासन द्वारा बनाई गई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में हुए फैसलों के बाद निर्णय लिया जाएगा। चुनाव के मद्देनजर विधानसभा इलेक्शन की तर्ज पर लोकसभा इलेक्शन के लिए भी स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया गया है।**

जारी आदेश में कहा है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को विभागों की ओर से भेजे जाने वाले प्रस्तावों का परीक्षण करने और इस पर अनुशंसा करने के लिए जो कमेटी बनी है उसकी अध्यक्ष मुख्य सचिव वीरा राणा होंगी। इस समिति में प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले विभागों से संबंधित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव सदस्य होंगे।

इसके बाद लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए लागू आचार संहिता के दौरान अब कोई भी विभाग अपना प्रस्ताव सीधे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और चुनाव आयोग को नहीं भेज सकेंगे। इसके लिए पहले प्रस्ताव को स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण और अनुशंसा के लिए भेजा जाएगा।

स्क्रीनिंग कमेटी के पास प्रस्ताव भेजने के पहले प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों, स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन करेगा और उसके अनुसार परीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों व आदेशों का हवाला देते हुए उसे पेश करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव क्यों अत्यन्त महत्वपूर्ण है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप के रूप में भेजा जाएगा। प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# इंजीनियर ने ट्रेनों से चुराए कंबल-चादर, पत्नी ने पोल खोली

## भोपाल रेलवे में पहुंचा मामला, महिला बोलीं- पति ने चोरी की, मुझे अच्छा नहीं लगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एक प्राइवेट कंपनी के इंजीनियर की ट्रेनों से कंबल, चादर और तौलिया चुराने की आदत की पोल उसकी पत्नी ने ही खोल दी। उसने पति के चोरी किए गए सामान के वीडियो बनाकर न सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, बल्कि रेलवे पुलिस से भी शिकायत कर दी।**

महिला का कहना है कि पति ने चोरी की, ये मुझे अच्छा नहीं लगा। पुलिस को उनके घर से 40 तौलिया, 30 चादर और 6 कंबल मिले हैं। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में कमांडेंट अनिल यादव का कहना है कि मामले की जांच कर रहे हैं। फिलहाल कोई भी सामान जब्त नहीं किया है।

महिला राजस्थान के कोटा की रहने वाली है। इस साल 12 जनवरी को ही उसका निकाह उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले अरशद नाम के युवक से हुआ था। अरशद भोपाल में ही एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर है। वह पत्नी के साथ भोपाल के एयरपोर्ट रोड स्थित दाता कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। उसके घर से ही रेलवे के कंबल, चादर और तौलिए मिले हैं।

### मुझसे कहा- जैसा कहूं, वैसा करो, यह मुझे ठीक नहीं लगा

पति की पोल खोलने वाला महिला का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला खुद का नाम अफसाना बता रही है। उसका कहा- कमरे में एक संदूक रखा था। इस पर हमेशा ताला लगा रहता है। ईद की सफाई के दौरान जब मैंने संदूक खोला तो ऊपर बहुत सारे कपड़े रखे थे। जब नीचे देखा तो उसमें रेलवे की बहुत सारी चादरें, कंबल और तौलिए मिले। इस बारे में मैंने पति अरशद से बात की। समझाया कि चोरी करना गलत है। यह सारी चीजें वापस कर दीजिए। इस पर पति ने मुझसे कहा कि जैसा मैं कहूं, वैसा ही करना और वैसा ही चलना है।

### ट्रेन में सफर के दौरान लगी चोरी की आदत

महिला ने बताया कि ट्रेन में सफर करने के दौरान पति को रेलवे की चादर, तकिया और तौलिए चुराने की आदत लग गई।

# छिंदवाड़ा में बारिश, ओले भी गिरे

## सिवनी-बालाघाट समेत 8 जिलों में अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में पांचवें दिन ओले-बारिश का दौर जारी है। छिंदवाड़ा में सुबह ओले गिरे। सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, सीधी और सिंगरौली में भी बारिश-आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। हालांकि, अगले 3 दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव हो रहे हैं। जिनका प्रदेश में 2-3 दिन के बाद असर देखने को मिलेगा।

इससे पहले बैतूल जिले के मुलताई, छिंदवाड़ा और डिंडोरी में तेज हवाओं के साथ पानी गिरा। कई जगह बेर के आकार के ओले भी गिरे। ओलावृष्टि से टमाटर और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। सिवनी और मंडला में भी बारिश और ओले गिरे हैं। जबलपुर में शाम को बारिश हुई। जिले के कुंडम, बघराजी क्षेत्र में ओले गिरने से चना, मसूर, गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। कई शहरों में ओले की सफेद चादर भी बिछ गई।

### छिंदवाड़ा के कई गांव में फसलों को नुकसान

छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को ओलावृष्टि हुई। इससे पहले मंगलवार को पानी गिरा। कई जगह ओले गिरे। अमरवाड़ा के बड़े गांव में ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है। पालामऊ मोहखेड़ में ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का सांसद नकुलनाथ ने निरीक्षण किया।

# क्रिकेटर केएल राहुल उज्जैन पहुंचे

## माता-पिता के साथ बाबा महाकाल का लिया आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** भारतीय क्रिकेट टीम के बैटर केएल राहुल ने बुधवार सुबह ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर में दर्शन किए। वे अपने माता -पिता के साथ महाकाल की भस्म आरती बाद करीब 6 बजे दर्शन के लिए पहुंचे। करीब आधे घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर आशीर्वाद लिया। आरती के बाद गर्भगृह की देहरी से महाकाल के दर्शन किए। इससे पहले भी राहुल 26 फरवरी 2023 को पत्नी अथिया शेट्टी के साथ महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आ चुके हैं। तब उन्होंने गर्भगृह के अंदर जाकर दर्शन किए थे। इस दौरान आशीष पुजारी ने राहुल और उनके माता पिता का पूजन करवाया। राहुल ने अपने परफॉर्मेंस के लिए भगवान से आशीर्वाद लिया।

**भगवान गणेश के स्वरूप में श्रृंगार...** भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर, फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन अभिषेक हुआ। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद वैष्णव संप्रदाय का तिलक अर्पित कर भगवान गणेश के स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के घर पहुंचे कैलाश

## भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने लिया आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा दौरे पर है अपने 3 दिन के प्रवास में भी लगातार वरिष्ठ भाजपा नेताओं के यहां पहुंचकर लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं इसी क्रम में आज लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ कैलाश विजयवर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्रभान के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आगामी चुनाव में अपने सहयोग देने की बात कही। विवेक बंटी साहू ने चौधरी चंद्रभान सिंह से आशीर्वाद लिया और लोकसभा चुनाव में साथ देने का आग्रह किया इस दौरान राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, संतोष पारिख, भाजपा पार्षद संतोष राय, शिव मालवी, योगेश सदारंग, दिवाकर सदारंग, धर्मेंद्र मिगलानी, संदीप रघुवंशी, सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

आपको बता दे कलस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय 3 दिन के प्रवास पर है, ऐसे में वे लगातार बड़े नेताओं से सम्पर्क कर रहे है, उनका कहना है कि इस बार हर पार्टी और संगठन नेताओ से चर्चा कर जीत सुनिश्चित की जाएगी।

# बीओआई के दो अफसर समेत 7 पर गैरजमानती धारा में प्रकरण दर्ज

## लंबी लड़ाई लड़े अग्रवाल को न्यायालय से मिला इंसाफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। अदालत ने एक अनोखे मामले बड़ा फैसला दिया है। इसमें बैंक आफ इंडिया के दो अधिकारियों और पॉलिटेक्निक कॉलेज के दो वरिष्ठ अधिकारी समेत सात लोगों पर धोखाधड़ी, कूटरचना, फर्जी दस्तावेज और मिलीभगत जैसी बड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज करने का संज्ञान लिया है। इन पर कई धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।**

दरअसल, खंडवा के व्यापारी वीरेंद्र अग्रवाल ने बैंक ऑफ इंडिया से वेयरहाउस बनाने और व्यापार करने के लिए लगभग चार करोड़ रुपए का ऋण लिया था। इसके एवज में वेयरहाउस और एक मकान को बंधक रखा था। वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन जैनी के मुताबिक वे व्यवस्था में लगे ही थे, कि बैंक के अफसर ने गबन कर, राजू भाटिया उर्फ वीर सिंह को खरीददार भी बना लिया। इस संपत्ति को कम वैल्यू आंककर इन सात लोगों ने सारे दस्तावेज कलेक्टर जिला पंजीयक और अन्य जगह दे दिए।

### सांठगांठ का आरोप

बाद में यह सब फर्जी साबित हुए और फैसला प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहन डाबर ने बैंक के दो अधिकारी अभिनीत तिवारी और तत्कालीन ब्रांच मैनेजर राहुल तिवारी के अलावा खरीददार जनरल वीरसिंह उर्फ राजू भाटिया के अलावा बैंक के वैल्यूअर इंजीनियर अश्विन बाहेती और प्रमाण पत्र देने वाले पॉलिटेक्निक के प्राचार्य अपूर्व साकल्ले, ड्रॉप्समेन बीडी सनखेरे के अलावा ठेकेदार दीपेश राठौर पर कई धाराओं में मामला दर्ज करने का संज्ञान लिया है।

### 4 करोड़ का वैल्यू में अंतर

अधिवक्ता रंजन जैनी ने मीडिया को दस्तावेज पेश करते हुए बताया कि कलेक्टर कोर्ट ने जिस संपत्ति की वैल्यू 6 करोड़ 15 लाख रुपए बताई थी। इस बैंक ने सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपए में धोखाधड़ी कर सांठगांठ के तहत बेच दिया। सारे कागज और दस्तावेज भी बड़े अधिकारियों और ठेकेदारों से बनवा लिए। जो, अदालत में फर्जी साबित हुए हैं।

### ऐसे फंसे वेल्युअर

इसमें बड़ी भूमिका बैंक के वेलवर अश्विन बाहेती की भी है। कागज पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में 3 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक वैल्यू और गाइड लाइन 2 करोड़ 95 लाख बताई गई थी। इसी वैल्यूवर ने 2021 में इसी संपत्ति की गाइडलाइन एक करोड़ 43 लाख रुपए बता दी। जबकि 8 साल में किसी भी संपत्ति की कीमत बढ़ना स्वाभाविक है।

### सच्चाई का साथ दिया

वीरेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, उन्होंने इस मामले में लंबी लड़ाई लड़ी है, जिसमें पुलिस अधीक्षक, जिला पंजीयक, ग्रामीणजन आरआई पटवारी और संबंधित अधिकारी कर्मचारी ने इस मामले में उन्हें महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इसके बाद वास्तविकता सामने आई और इन धोखाधड़ी करने वालों पर मामला संज्ञान में लिया गया है।

New Delhi

# 'ED के एक्शन पर रोक लगाएं', पूछताछ से पहले अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाई कोर्ट में नई अर्जी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में नई याचिका दायर की है. केजरीवाल के द्वारा दायर की गई ताजी याचिका में हाई कोर्ट से मांग की गई है कि ईडी को 'कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं' करने का निर्देश दिया जाए. सीएम केजरीवाल ने उच्च न्यायालय से कहा कि ईडी को अदालत के समक्ष यह आश्वासन देना चाहिए कि अगर मैं समन का पालन करता हूं, तो मेरे खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 9वीं बार समन भेजते हुए 21 मार्च यानी आज बुलाया था. पूछताछ से पहले उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं किए



जाने की मांग की है. इससे पहले भेजे गए समन पर पेश नहीं होने के मामले में उन्हें शनिवार को ही दिल्ली की एक अदालत से जमानत मिली है. दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में गिरफ्तारी की आशंका के चलते केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने कहा कि वो ईडी के सामने पेश होने के लिए तैयार हैं, अगर ईडी यह आश्वासन दे कि वे उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा. अरविंद केजरीवाल पर बीजेपी नेता हरीश खुराना ने कहा कि दिल्ली के सीएम फिर से ईडी के समन से बच रहे हैं. (अरविंद केजरीवाल) आप सरकार से क्यों भाग रहे हैं, यह तो आप ही जानते हैं. आप कानून का अपमान कर रहे हैं. आप नहीं कानून ऊपर है. कृपया कानून और व्यवस्था का सम्मान करें. जिस तरह से आप भाग रहे हैं, उससे साफ पता चलता है कि आप कुछ छिपा रहे हैं.

Rajasthan

## जयपुर में भीषण आग से 5 की मौत, 3 बच्चों समेत जिंदा जल गया बिहार से आया परिवार

**जयपुर, (एजेंसी) जयपुर के विश्वकर्मा में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक मकान में भीषण आग लगने से 5 लोगों की जलकर मौत हो गई। विश्वकर्मा के जैसल्या गांव में आग की चपेट में तीन मासूम बच्चों समेत पूरे परिवार की मौत हो गई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। सभी मृतक बिहार निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया है।**

जैसल्या गांव में मधुबनी बिहार का एक परिवार किराए पर रहता था। बताया जा रहा है कि रात को जब परिवार के सभी लोग सो रहे थे उस वक्त घर में आग लग गई। लोगों को बाहर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। आग से बचने के लिए एक कोने में चले गए। सभी लोग जिंदा जल गए। पड़ोसियों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक परिवार की मौत हो चुकी थी।

दमकल विभाग के कर्मचारियों ने जले हुए शवों को बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम के लिए सवों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया है। एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। आग के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना पर शोक जाहिर किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'जयपुर के विश्वकर्मा में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायलों को समुचित उपचार सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं।'

New Delhi

## पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में गिरी पुरानी इमारत, दो लोगों की मौत- एक गंभीर रूप से घायल; तफ्तीश शुरू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग गिरने की खबर है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देर रात की है। पुलिस को 2.16 बजे घटना की सूचना मिली थी।

इलाके के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि इस हादसे में दो श्रमिकों अरशद (30) और तौहीद (20) की मौत हो गई और एक अन्य श्रमिक रेहान (22) की हालत गंभीर है और उसका इलाज किया जा रहा है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी. आगे की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना देर रात 2.16 बजे मिली। इमारत की पहली मंजिल खाली थी जबकि ग्राउंड फ्लोर का इस्तेमाल जींस कटिंग के लिए किया जा रहा था। बिल्डिंग गिरने के साथ ही तीन लोग उसके मलबे में दब गये। तीनों को गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां दो श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया गया। एक शख्स को इलाक के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि बिल्डिंग के मालिक का नाम शाहिद है। उसकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

Assam

## असम से पकड़ा गया ISIS का इंडिया चीफ, चुनाव में आतंक फैलाने की थी योजना

**धुबरी, (एजेंसी) असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के दो कैडरों को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव से पहले ये बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।**

पुलिस ने कहा कि आईएसआईएस आतंकी धुबरी जिले के पास बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए और वे राज्य में कुछ बड़ा करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आतंकियों में 'आईएसआईएस इंडिया' का प्रमुख हैरिस फारूकी और उसके एक सहायक शामिल हैं। असम एसटीएफ के महानिरीक्षक आईपीएस पार्थसारथी महंत ने कहा, 'सहयोगी एजेंसियों से जानकारी मिली थी कि भारत में आईएसआईएस के दो टॉप लीडर पड़ोसी देश (बांग्लादेश) में डेरा डाले हुए थे और वे कुछ बड़ा करने के लिए धुबरी सेक्टर में भारत में प्रवेश करेंगे।' महंत ने कहा कि सूचना मिलते ही उन्होंने एक विशेष टीम का गठन किया और तलाशी अभियान चलाया। आईजीपी पार्थसारथी महंत के नेतृत्व में अतिरिक्त एसपी कल्याण कुमार पाठक और अन्य अधिकारियों के साथ एसटीएफ टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया और स्थानीय पुलिस ने उनकी मदद की। एक बयान में असम पुलिस के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी प्रणवज्योति गोस्वामी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने दोनों को धर्मशाला क्षेत्र से पकड़ा है और बाद में उन्हें गुवाहाटी में एसटीएफ कार्यालय लाया।

खेल

# 'भारत 2023 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार', अनुराग ठाकुर ने फिर भरी हुंकार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय खिलाड़ी भले ही इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे हों, लेकिन भारत सरकार ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की तैयारियां शुरू कर दी है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत 2030 में यूथ ओलंपिक और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

**बोली शुरू होने का इंतजार-** अनुराग ठाकुर ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि जिस पल इसके लिए बोली शुरू होगी, भारत ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा। उन्होंने कहा, हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति हैं और हम उन देशों में हैं जहां युवाओं की ताकत काफी है। खेल के लिए भारत से बड़ा बाजार और कोई नहीं है। भारत 2030 यूथ ओलंपिक और 2026 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

### 'विदेशी प्रशंसकों ने की थी धर्मशाला स्टेडियम की तारीफ'

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को देखने के लिए इंग्लैंड से चार हजार से ज्यादा विदेशी प्रशंसक आए थे और उन्होंने यहां मौजूद इस खूबसूरत स्टेडियम की सराहना की थी।

### पेरिस के बाद लॉस एंजिल्स और ब्रिसबेन में होंगे ओलंपिक

इस साल जुलाई-अगस्त में ओलंपिक का आयोजन फ्रांस के पेरिस शहर में आयोजित होगा। इसके लिए वहां तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके बाद इन खेलों की मेजबानी 2028 में लॉस एंजिल्स और 2032 में ब्रिसबेन को करनी है।

सिनेमा

# बेटी को गोद में उठाकर अयोध्या पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा, पति संग किए राम लला के दर्शन



महीनों बाद भारत लौटने के बाद प्रियंका चोपड़ा आने पति निक जोनस और बेटी मालती मेरी चोपड़ा जोनस के साथ अयोध्या पहुंच गई हैं. वहां उन्होंने परिवार संग राम लला के दर्शन किए. ये 2024 में पहली बार है जब प्रियंका भारत आई हैं. कुछ दिन पहले ही उनके पति निक जोनस भी मुंबई पहुंचे थे. अब ग्लोबल स्टार अपने परिवार के साथ राम लला के दर्शन को पहुंची हैं. मुंबई आने के बाद से अभी तक प्रियंका चोपड़ा को कई इवेंट्स में देखा जा चुका है. सबसे पहले उन्होंने अपने ज्वेलरी ब्रांड बुल्गारी के स्टोर का उद्घाटन किया था. मुंबई के जियो वर्ल्ड प्लाजा में ये स्टोर खुला है. ये भारत का पहला बुल्गारी स्टोर है. इसके बाद प्रियंका को ईशा अंबानी, राधिका मर्चेंट और श्लोका मेहता के साथ होली की पार्टी करते देखा गया. उनका पिंक साड़ी और करोड़ों की ज्वेलरी वाला लुक वायरल हुआ था.

## संपादकीय

# किसी को नहीं हुई हैरानी

रूस में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं हैं। यह पहले से तय माना जा रहा था कि वहां व्लादिमीर पुतिन की एक बार फिर बड़ी जीत होगी। इसलिए जब पुतिन के भारी मतों के अंतर से राष्ट्रपति चुने जाने की घोषणा हुई, तो किसी को हैरानी नहीं हुई। गौरतलब है कि पुतिन को 87.29 फीसद वोट मिले। पिछली बार उन्हें 76.7 फीसद वोट मिले थे। यानी बीते कार्यकाल के दौरान रूस में उनके प्रभाव का और विस्तार हुआ है। हालांकि इसी बीच रूस को कोरोना महामारी सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय चुनौतियों से जूझना पड़ा। रूस के सामने सबसे जटिल स्थिति यूक्रेन के साथ युद्ध की शुरुआत है, जो अब तीसरे साल में दाखिल हो चुकी है और उसके खत्म होने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं दिख रही।इस मुद्दे ने पुतिन को अपने सामने के मैदान को साफ करने में बड़ी भूमिका निभाई। आंतरिक मोर्चे पर रूस की अर्थव्यवस्था में मजबूती से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ताकतवर देश के रूप में अपनी जगह बनाने का राजनीतिक असर भी चुनाव पर पड़ा और लोगों ने पुतिन को चुना। उनका यह कार्यकाल 2030 तक के लिए होगा। रूस में जनमत संग्रह से 2020 में जो संविधान संशोधन कराया गया था, उसके तहत पुतिन अभी छह साल के दो और कार्यकाल या 2036 तक राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। यह उनका पांचवां कार्यकाल है और अब तक आंतरिक मोर्चे पर उनके सामने किसी प्रतिद्वंद्वी के उभरने की स्थितियां बेहद मुश्किल रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में जो इक्का-दुक्का विपक्षी स्वर उभरे, वे उनके सामने कोई चुनौती नहीं बन सके। एलेक्सी नवेलनी को पुतिन का सबसे कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता था। राष्ट्रपति चुनाव शुरू होने के पहले ही जेल में उनकी मौत हो गई। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन के साथ युद्ध के सवाल पर रूस के खिलाफ बनने वाले मोर्चे से भी पुतिन को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा और तमाम झटकों के बावजूद उन्होंने अपनी वैश्विक धमक बनाए रखी। अब नए कार्यकाल की शुरुआत में ही उन्होंने जिस तरह तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका जताई है, उसके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मोर्चे पर उनके रुख पर दुनिया की नजर रहेगी।

**अर्ज किया है..!**

*डर न लगे सुनसान सड़क पर,*
*इसीलिए कुछ ऊँचा कर स्वर,*
*विलग साथियों से हो कोई पथिक,*
*सुनो, गाता आता है।*
*अंधकार बढ़ता जाता है।''*

*- (बच्चन/निशानिमंत्रण)*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**पुत्र पिता का मित्र होना चाहिए**
**पुत्र जीवन का सूत्र होना चाहिए**
**पुत्र समाज का नेत्र होना चाहिए**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# होलिका दहन व जप-ध्यान हेतु रात्रि-जागरण - 24 मार्च 2024

## → होली, धुलेंडी - 25 मार्च 2024

इस वर्ष 24 मार्च 2024, होलिका दहन को सुबह 9-53 से रात्रि 11-13 तक भद्रा है। शास्त्रों में भद्राकाल में होलिका दहन का निषेध है। अत: भद्रा रहित शुभ मुहूर्त में होलिका दहन करना चाहिये।



### दिनांक 24 मार्च 2024 को होलिका दहन के लिए भद्रारहित शुभ मुहूर्त -

*द्वारका (गुजरात) -*
रात्रि 11-14 से 1-00 तक
*कावारत्ती (लक्षद्वीप) -*
रात्रि 11-14 से 12-45 तक
*मुंबई (महाराष्ट्र) -*
रात्रि 11-14 से 12-44 तक
*दमन (दमन एवं दीव) -*
रात्रि 11-14 से 12-44 तक
*पणजी (गोवा)-*
रात्रि 11-14 से 12-41 तक
*पुणे (महाराष्ट्र) -*
रात्रि 11-14 से 12-40 तक
*जम्मू (जम्मू-कश्मीर) -*
रात्रि 11-14 से 12-36 तक
*अमृतसर (पंजाब) -*
रात्रि 11-14 से 12-36 तक
*चंडीगढ़ -*
रात्रि 11-14 से 12-29 तक
*गुरुग्राम (हरियाणा) -*
रात्रि 11-14 से 12-28 तक
*तिरुवनंतपुरम् (केरल) -*
रात्रि 11-14 से 12-28 तक

*शिमला (हिमाचल प्रदेश) -*
रात्रि 11-14 से 12-27 तक
*दिल्ली -*
रात्रि 11-14 से 12-27 तक
*लेह (लेह-लद्दाख) -*
रात्रि 11-14 से 12-25 तक
*बेंगलुरु (कर्नाटक) -*
रात्रि 11-14 से 12-25 तक
*अहमदाबाद (गुजरात) -*
रात्रि 11-14 से 12-24 तक
*हरिद्वार (उत्तराखंड) -*
रात्रि 11-14 से 12-23 तक
*हैदराबाद (तेलंगाना) -*
रात्रि 11-14 से 12-22 तक
*कानपुर (उत्तर प्रदेश) -*
रात्रि 11-14 से 12-18 तक
*चेन्नई (तमिलनाडु)-*
रात्रि 11-14 से 12-15 तक
*रायपुर (छत्तीसगढ़) -*
रात्रि 11-14 से 12-09 तक
*विशाखापट्टनाम -*
रात्रि 11-14 से 12-03 तक

*पटना (बिहार) -*
रात्रि 11-14 से 11-55 तक
*रांची (झारखण्ड) -*
रात्रि 11-14 से 11-55 तक
*भुवनेश्वर (ओड़िशा) -*
रात्रि 11-14 से 11-52 तक
*कोलकाता (पश्चिम बंगाल) -*
रात्रि 11-14 से 11-42 तक
*गंगटोक (सिक्किम) -*
रात्रि 11-14 से 11-41 तक
*अगरतला (त्रिपुरा) -*
रात्रि 11-14 से 11-31 तक
*गुवाहटी (असम) -*
रात्रि 11-14 से 11-29 तक
*शिलांग (मेघालय) -*
रात्रि 11-14 से 11-28 तक
*आइजॉल (मिजोरम) -*
रात्रि 11-14 से 11-25 तक
*इटानगर (अरुणाचल प्रदेश) -*
रात्रि 11-14 से 11-21 तक
*इंफाल (मणिपुर) -*
रात्रि 11-14 से 11-20 तक

*कोहिमा (नागालैंड) -* रात्रि 11-14 से 11-19 तक

## Highlights

1. Putin, Zelenskyy invite PM Modi to Russia, Ukraine after Lok Sabha polls: Reports
2. School teacher and twin sons allegedly die by suicide in Bengaluru
3. Bengaluru: BWSSB Mandates Installation of Aerators in Taps
4. Patanjali apologises before SC for misleading ads after Baba Ramdev gets summoned
5. Nitin Gadkari pays tribute to Shehnai Maestro Bismillah Khan
6. Renowned Theatre Actor and Director V G Pal Passes Away at 82

# Sebi's Madhabi Buch wants Akshay Kumar to do this when Indian bond market does well

**NEW DEIHI, (Agency).** Sebi chairperson Madhabi Puri Buch talked about the Indian bond market and said that Akshay Kumar could have a leading role to play in it. At the Rising Bharat Summit, Madhabi Puri Buch talked about her ambitions for the Indian bond market and made a joke about having an Indian James Bond to announce the bond market's success. Who did she pick for this? Akshay Kumar.

Showing a slide in her presentation, that had various actors who have played James Bond over the years, she said, "When we think of the markets we all invariably think of the share market. But we have a very vibrant bond market. People do not know this."



Read more: US Federal Reserve sees 3 rate cuts in 2024: What it means for Indian stock market?

"For every ₹100 the banking system gives to corporate India, the bond market gives ₹60. Most people are not aware of how large that number is. We are expecting this to grow much more," she said.

But with the inclusion of the government of India (GoI) securities in the global indices, she said that a large amount of foreign interest in GoI securities is expected as, "Once the GoI yield curve is established, investors automatically tend to come into our corporate bond market as well because you just benchmark off the GoI yield and then add the credit spread."

She added, "We should see a good amount of inflow in the Indian bond market and, as people tell me, now we will need to have an Indian hero there (in the Powerpoint slide showing different James Bonds) and I said we will put Akshay Kumar there in the same natty suit."

# US Federal Reserve sees 3 rate cuts in 2024: What it means for Indian stock market?

**NEW DEIHI, (Agency).** The US Federal Reserve voted to keep interest rates at a 23-year high for a fifth consecutive meeting. It also signaled that it still expects to make three cuts this year sending US markets into a frenzy as traders cheered the central bank's affirmation that three cuts are likely despite a rise in monthly inflation in the US. All three major indices on Wall Street closed at new records after Fed unanimously decided to hold its key lending rate between 5.25 per cent and 5.50 per cent. It said that the decision lets policymakers "carefully assess incoming data, the evolving outlook and the balance of risks."



In the first two months of 2024, there has been a small rise in the pace of US monthly inflation which resulted in fears that interest rates will have to remain high to bring prices under control. "Inflation is still too high," Powell said, adding, "ongoing progress in bringing it down is not assured, and the path forward is uncertain" as this year's inflation data "haven't really changed the overall story, which is that of inflation moving down gradually on a sometimes bumpy road toward two percent."

# पुलिस ने बरामद की चोरी हुई कार

## चोरी की गाड़ी से बदमाशों ने तीन थानों में की थी वारदात

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। राऊ इलाके में 15 दिन पहले बोहरा व्यापारी की एक ब्रेजा कार चोरी हो गई। इसी कार में बैठकर चोर ने राजेन्द्रनगर, तेजाजीनगर सहित तीन थाना इलाकों में चोरियां की। इसके बाद वह डेली कॉलेज के नजदीक कार को कपड़े से ढांककर चला गया। पुलिस ने तीन दिन तक कार की रैकी की लेकिन चोर इसे लेने नहीं आया। तब पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। इसके साथ ही तीन आरोपियों को भी पकड़ा है। हालाकिं मामले में राऊ थाना प्रभारी राजपाल राठौर का कहना है कि मामले में जल्द खुलासा किया जाएगा।**

राऊ के हसनजी नगर से बोहरा व्यापारी की 15 दिन पहले ब्रेजा कार चोरी हो गई। फुटेज के बाद राऊ, राजेन्द्रनगर पुलिस कार की तलाश में जुट गई। करीब एक सप्ताह पहले कार डेली कालेज के पास चोरों ने कपड़े से ढांककर खड़ी कर दी और भाग गए। बताया जाता है कि आरोपी हसनजी नगर में बोहरा व्यापारी के यहां चोरी करने पहुंचे थे। इस दौरान उसकी कार की चॉबी हाथ लगी ओर वह यहां से कार भी लेकर चले गए। इस मामले में राऊ और राजेन्द्र नगर पुलिस जांच में जुटी रही। पुलिस लगातार कार के सीसीटीवी फुटेज निकालकर सर्च करती रही। जिसमें एक चोर नजर आया। इसके बाद राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी समीर की जानकारी लगी। पुलिस ने इस मामले में समीर के साथी दीपक निवासी बिचौली मर्दाना और एक अन्य आरोपी को पकड़ा । आरोपी से तीन थाना इलाके में हुई चोरी की वारदात का पता चला है। पुलिस को सीसीटीवी में एक बदमाश मुंह पर रूमाल और सिर पर टोपी बांधे हुए दिखाई दिया। इसरे बाद पुलिस ने अलग-अलग लोकेशन के हिसाब से कार के फुटेज निकाले। साथ ही कार चुराने वाले आरोपी और उसके साथी की जानकारी निकाली। इस बीच राजेन्द्र नगर थाने के खुफिया टीम को इस मामले में सफलता मिल गई है। और उन्होंने समीर को हिरासत में ले लिया। आरोपी से माल बरामद किया जा रहा है। राऊ और राजेन्द्र नगर पुलिस को जब पता चला कि डेली कॉलेज के यहां चोरों ने कार को कपड़े से ढांककर खड़ा किया है तो वह डेली कॉलेज के आसपास चोर को पकडऩे के लिये रैकी करने लगी। लेकिन चोर कार लेने के लिए तीन दिन तक नहीं आया तो पुलिस ने कार जब्त कर ली। जानकारी के मुताबिक चोर ने इसी कार में बैठकर तेजाजी नगर, लसूडिय़ा, राऊ इलाके में चोरी की है। वह कार में ही गैस कटर लेकर घूमता था।

# बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। विजयनगर इलाके में आपसी विवाद में दो कार और बाइक पर एक कैफे पर पहुंचे आरोपियों ने एक युवक को अचानक घेर लिया। दीवार से सिर टकराकर पटका और लात घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर भाग गए। पुलिस के मुताबिक मारपीट करने वाले कालेज के छात्र है। बताया गया कि मोबाइल पर फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने के विवाद में हमला किया गया। हमले की घटना सा टविजन कालेज के सामने चाय कुल्लड कैफे के पास हुई। घायल का नाम संस्कार सिंह पिता पकंज सिंह सेंगर निवासी डीडीनगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी गौरव चौधरी और अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी गौरव चौधरी व अन्य के बार बार फोन काल आ रहे थे। फिर वे चाय कुल्लड कैफे पर दो कार और बाइक पर सवार होकर मुझे घेर लिया। गालियां दी और मारपीट शुरू कर दी। लात घूंसों से पीटते रहे। साइड में ले जाकर सिर दीवार से टकराया और पटकर मारा। इस दौरान किसी धारदार वस्तु से हमला किया जिससे हाथ में भी चोट आई। हमले के बाद आरोपी बोले कि आज तो बच गया किसी दिन जान से खत्म कर देंगे। थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि जिस युवक पर हमला हुआ उसने आरोपी युवक को मोबाइल पर फोटो और वीडियो बनाकर वायरल कर दिए थे इसी को लेकर विवाद हुआ। आरोपियों क खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# पेट्रोल पंप पर विवाद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। एरोड्रम इलाके में एक पेट्रोल पंप पर आए बाइक सवार पर दो आरोपियों ने पुराने विवाद में युवक पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना 60 फीट रोड पर गुरूकृपा पेट्रोल पंप पर फरियादी मनीष पिता राकेश राठौर निवासी दुर्गानगर छोटा बागंड़दा रोड के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी वरूण उर्फ डमरू पंवार निवासी विद्या पैलेस और तरूण जैसवाल निवासी अशोक नगर पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाकर जाने लगा तभी आरोपी आए और मेरी बाइक के सामने खड़े हो गए। बाइक की चाबी निकालने लगे। पुरानी बात को लेकर गालियां दी और मारपीट की। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बीच बचाव किया। आरोपी जाते जाते बोले कि आइंदा हमारे सामने आया तो जान से खत्म कर देंगे।

# जा रहा था शराब की डिलेवरी देने, पकड़ाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शराब की डिलेवरी देने जा रहे एक तस्कर को आबकारी की टीम ने गिर तार कर उसके कब्जे से कई लीटर शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है कि आखिरकार वह इस धंधे में कब से है और किसे शराब की डिलेवरी देने जा रहा था।**

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि आचार संहिता लागू होते ही अवैध शराब के धंधे में लिप्त बदमाशों की धरपकड़ और तेज कर दी गई है। इसके लिए अलग अलग टीमें बनाई गई हैं जो लगातार कार्रवाई कर तस्करों को गिर तार भी कर रही है। इसी कड़ी में उपनिरीक्षत मनमोहन शर्मा को सूचना मिली थी कि एक दोपहिया वाहन(एमपी09 एक्स8112) से एक तस्कर शराब की डिलेवरी देने जा रहा है उक्त सूचना पर आबकारी की टीम ने तुरंत घेराबंदी की और वाहन चालक को रोका और उसके बाद मौजूद बैग की तलाशी ली तो उसमें करीब 100 पाव यानी दो पेटी देशी मदिरा मिली। जब आरोपी अनिकेत पिता जितेंद्र सिंह ठाकुर निवासी प्रजापत नगर से बिल मांगा गया तो वह नहीं बता पाया। इस पर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह देशी मदिरा की डिलेवरी देने जा रहा था। इस पर टीम ने उसे गिर तार कर उसके खिलाफ आबाकरी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी से जब्त शराब व वाहन की कीमत करीब एक लाख रूपए बताई जा रही है। वहीं अलग अलग वृत्त में कार्रवाई करते हुए करीब 45 प्रकरण दर्ज किए गए वहीं 72.18 बल्क लीटर देशी मदिरा,19.07 बल्क लीटर विदेशी मदिरा,हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई है। वहीं 555 किलोग्राम महुआ लहान जब्त करक मौके पर नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की कीमत करीब एक लाख 25 हजार रूपए बताई जा रही है।

# बाइक सवार को पीटा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। बेटमा क्षेत्र में हार्न बजाने पर हुए विवाद में बाइक सवार के साथ मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि मारपीट ग्राम बगोदा में हुई। फरियादी राजा उर्फ वासू पंवार की रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण सिंह, आर्यन और रेखा बाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह पानी के नल चलाता है। वह पैसे लेने पहुचा था पर लक्ष्मण के घर के सामने से श्रवण को आवाज दी। उसने सुना नहीं तो मैंने बाइक का हार्न बजा दिया। इस पर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी केस दर्ज किया है।

# चोरी की वारदात कैमरे में कैद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। स्कीम नंबर 51 डी सेक्टर में चोरी की वारदातें लगातार बढती जा रही हैं. रहवासियों ने एक चोर का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है। सोमवार को जब एक निर्माणाधीन मकान में चोर को रहवासियों ने घुसते देखा तो शोर मचाया। चोर बाइक पर ही मकान में लगने वाला सरिया लादकर भाग गया। इसके बाद रहवासियों ने उसका सीसीटीवी फुटेज निकालकर पुलिस अधिकारियों को शिकायत की। रहवासियों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती के चलते चोरी की वारदातें हो रही हैं। उधर चोरी के एक अन्य मामले में विजयनगर थाने में हर्ष कौल ने रिपोर्ट लिखाई कि वह खरगोन से इंदौर आया तो घर में चोरी हो चुकी थी। चोर सोने चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर गए।

# मोबाइल लुटेरा पकड़ाया

**इंदौर**। झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले शातिर बदमाश को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिर तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से लूटे गए चार मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं और अन्य घटनाओं के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सस्ते दाम पर मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बदमाश आकाश उर्फ गप्पु पिता राजेश परमार निवासी नरिमन सिटी को पकड़ा। पूछताछ में बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर दो पहिया वाहन पर सवार होकर पलासिया,बाणगंगा क्षेत्र में राहगीरों के हाथों से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटना बतया। पुसि ने आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उससे लूटे गए चार मोबाइल बरामद कर लिए हैं वहीं उसके साथ की तलाश की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक